**SET – 4**

**Series : HMJ/4**

कोड नं. **98**
**Code No.**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# उद्यमिता (सैद्धान्तिक)

## ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न–पत्र* ***पाँच*** *खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग, घ और ङ । प्रश्न–पत्र में 34 प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड–क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***17*** *तक अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iii)* ***खण्ड–ख*** *में प्रश्न संख्या* ***18*** *से* ***24*** *तक लघुउत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है ।*

*(iv)* ***खण्ड–ग*** *में प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***29*** *तक लघुउत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड–घ*** *में प्रश्न संख्या* ***30*** *से* ***32*** *तक दीर्घउत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड–ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***33*** *एवं* ***34*** *दीर्घ उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, एक–एक अंक वाले दो प्रश्नों में,* **दो–दो** *अंकों वाले दो प्रश्नों में,* ***तीन–तीन*** *अंक वाले दो प्रश्नों में,* **चार–चार** *अंक वाले एक प्रश्न में और* **छः – छः** *अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड – क

**रिक्त स्थान भरिए :**

1. समर एक नवोदित ग्रामीण उद्यमी है, जो ग्रामीण भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य सूचकांक में बढ़ोत्तरी के लिए कार्य कर रहा है । समर को महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी मामलों को समझने की आवश्यकता है ताकि वह सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध एक संगठन का सृजन कर सके । इसके लिए वह लक्षित बाज़ार अथवा ग्राहकों के विषय में एक संगठित रूप में सूचना एकत्रित करना चाहता है । समर का यह संगठित प्रयास _________ के नाम से जाना जाता है । **1**

***General Instructions :***

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* *This question paper comprises **five** sections – A, B, C, D and E. There are 34 questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Question. No. **1** to **17** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each.*

*(iii)* ***Section B** – Question. No. **18** to **24** are short-answer type I questions, carrying **2** marks each.*

*(iv)* ***Section C** – Question. No. **25** to **29** are short-answer type II questions, carrying **3** marks each.*

*(v)* ***Section D** – Q. no. **30** to **32** are long answer type-I questions, carrying **4** marks each.*

*(vi)* ***Section E** – Question. No. **33** and **34** are long answer type-II questions, carrying **6** marks each.*

*(vii)* *Answer should be brief and to the point.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **two** questions of **1** mark, two questions of **2** marks, two question of **3** marks, one question of **4** marks and one question of **6** marks. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION – A

**Fill in the blanks :**

1. Samar is a budding rural entrepreneur who is working on improving the health index of the women in rural areas. Samar needs to understand various health issues confronted by women in order to create a socially committed organization. For this, he wants to gather information about the target market or customers in an organized manner. This organized effort of Samar is known as ______. **1**

2. शून्य अन्तिम पाइप उत्सर्जन के साथ 'वेल्सा मोटो कॉर्पस' के वाहन दो निम्न प्रमुख समस्याओं के विकल्प के रूप में उभर रहे हैं, (i) आटो निकास के कारण वातावरण में परिवर्तन, तथा (ii) बढ़ता हुआ प्रदूषण जो अस्वस्थता को बढ़ावा दे रहा है ।

'वेल्सा मोटर कॉर्पस' के इस कार्य ने बृहत् पर्यावरण के ________ तथा ________ तत्त्वों की देखभाल की है । **1**

3. एक उद्यमी, अमित, सदैव पर्यावरण में होने वाले परिवर्तनों के सम्पर्क में रहता है । वह सुअवसरों की पहचान करता है तथा उन सुअवसरों से अतिशीघ्र लाभ उठाने के लिए रणनीतियों की खोज करता है । उचित मूल्य पर, अपने स्थान पर बिना किसी देरी के बहु-विकल्पों के साथ खाना उपलब्ध कराने की आवश्यकता को अनुभव करते हुए उसने भारत में पहला ऑनलाइन खाने का तन्त्र प्रारम्भ किया । ________ के लाभ के कारण वह कुछ ही समय में बाज़ार अंश का 85% से भी अधिक अंश प्राप्त करने में समर्थ हो गया । **1**

4. साझेदारी की ________ विशेषता उल्लेख करती है कि कोई भी साझेदार फर्म की ओर से कार्य कर सकता है । **1**

**अथवा**

________ उद्यमिता की वह प्रक्रिया है जिसमें एक उपयोगी विचार को एक ऐसे अनुप्रयोग में रूपांतरित किया जाता है । जिसका वाणिज्यिक मूल्य है । **1**

5. ________ तथा ________ चित्र में दर्शाए गए ब्राण्ड के तत्त्व हैं ।




**1**

6. ________ एक धनी व्यक्ति होता है, जो अत्यधिक जोखिम, अत्यधिक प्रतिफल आव्यूह वाले एक व्यावसायिक स्टार्ट अप को परिवर्तनशील ऋण अथवा स्वामित्त्व समता के बदले पूँजी उपलब्ध कराता है । **1**

2. ‘Welsa Moto Corp’s’ electric vehicles with zero tail pipe emission are emerging as a good alternative to two major problems; (i) climatic change due to auto exhaust and (ii) increasing pollution leading to ill health.

   This Act of ‘Welsa Moto Corp’s’ has taken care of _______ and _______ elements of macro environment. **1**

3. Amit, an Entrepreneur, is always in touch with the changes taking place in the environment. He identifies opportunities and finds strategies to capitalise on these opportunities at the earliest. Sensing the requirement of providing reasonably priced food at their own place within no time with multiple options, he started the first online food network in India. Because of _______ advantage, he was able to capture more than 85% of the market share in no time. **1**

4. _______ feature of partnership states that any partner can act on behalf of the firm. **1**

**OR**

   _______ process of entrepreneurship involves the translation of a useful idea into an application which has commercial value. **1**

5. _______ and _______ are the components of a Brand shown in the figure.




**1**

6. _______ is an affluent individual, who provides capital for a business start-up having a high-risk, high-return matrix usually in exchange for convertible debt or ownership equity. **1**

**बताइए कि निम्न कथन सत्य अथवा असत्य है :**

7. एक वित्तीय योजना, नए उपक्रम के लिए आवश्यक संभावित निवेश प्रतिबद्धता के बारे में प्रमुख वित्तीय आँकड़ों का प्रक्षेप है । **1**

8. स्वोट विश्लेषण का अर्थ (क) शक्तियों, (ख) कमियों, (ग) अवसरों तथा (घ) व्यवसाय की अवधि को ध्यान में रखना है । **1**

9. प्राथमिक बाज़ार बचत करने वालों के स्रोतों को नए उद्यम स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा माँगे गए कोषों के स्थानान्तरण में सहायता करता है । **1**

10. किराना वस्तुओं के व्यापार में लगे गुप्ता 'के.वाई.सी. (K.Y.C.) स्टोर' के स्वामी है । व्यवसाय में उसका समता हित ₹ 4,00,000 है । उसने भारतीय स्टेट बैंक से ₹ 6,00,000 उधार लिए है । वर्ष के लिए उसका शुद्ध लाभ ₹ 1,40,000 है । गुप्ता का समता पर प्रतिफल 23.33% होगा । **1**

11. विपरीत अधिग्रहण में एक सार्वजनिक कम्पनी एक निजी कम्पनी का अधिग्रहण करती है । **1**

**अथवा**

विक्रय प्रवर्तन पहल को सामान्यतः 'रेखा से ऊपर' गतिविधियों के रूप में संदर्भित किया जाता है । **1**

12. द्वितीयक बाजार प्रतिभूतियों की विक्रेयता को बढ़ाता है तथा प्रतिभूतियों को तरलता प्रदान करता है । **1**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

13. 'सकल कार्यशील पूँजी' का अर्थ है :
    - (a) सभी परिसम्पत्तियों का कुल योग ।
    - (b) सभी स्थायी सम्पत्तियों का कुल योग ।
    - (c) सभी चालू सम्पत्तियों का कुल योग ।
    - (d) चालू सम्पत्तियाँ घटा चालू देयताएँ । **1**

14. बाजार योजना एक प्रपत्र है :
    - (a) जो विपणन उद्देश्यों, रणनीतियों तथा नए उद्यम द्वारा अनुगमन की जाने वाली गतिविधियों से सम्बन्धित है ।
    - (b) जो उत्पादन बिन्दु से ग्राहकों तक वस्तुओं/सेवाओं के प्रवाह का वर्णन करता है ।
    - (c) जो सम-विच्छेद बिन्दु प्राप्त करने के लिए कितनी इकाइयों का विक्रय अथवा कितनी मात्रा में विक्रय होना चाहिए को निर्धारित करता है ।
    - (d) जो उद्यम के पास उपलब्ध अनुमानित रोकड़ को प्रतिबिंबित करता है । **1**

**State whether the following statements are true or false :**

7. A financial plan is a projection of key financial data about the potential investment commitment needed for the new venture. **1**

8. SWOT Analysis means to consider (a) Strengths (b) Weaknesses (c) Opportunities and (d) Tenure of Business. **1**

9. Primary Market facilitates transfer of resources from the savers to the entrepreneurs seeking funds for setting new enterprises. **1**

10. Gupta is the owner of KYC stores dealing in grocery items. He has an equity stake of ₹ 4,00,000 in the business. He has borrowed ₹ 6,00,000 from State Bank of India. His net profit for the year is ₹ 1,40,000. The Return on Equity for Gupta will be 23.33%. **1**

11. In a Reverse acquisition a public company takes over a private company. **1**

**OR**

Sales promotions initiatives are often referred to as 'above the line' activities. **1**

12. The secondary market enhances the marketability of securities and provides liquidity to investments. **1**

**Multiple Choice Questions :**

13. Gross working capital means :
    - (a) sum total of all assets.
    - (b) sum total of all fixed assets.
    - (c) sum total of all current assets.
    - (d) current assets minus current liabilities. **1**

14. Marketing Plan is a document :
    - (a) regarding the marketing objectives, strategies and activities to be followed by the new Enterprise.
    - (b) which describes the flow of goods/services from production point to the customers.
    - (c) which determines how many units must be sold or how much sales volume must be achieved in order to have break-even-point.
    - (d) which reflects the projected cash available with the Enterprise. **1**

15. फूलों को उगाना तथा उन्हें पुष्प सजावट करने वालों को बेचना निम्न विचार क्षेत्र का एक उदाहरण है :

(a) सेवा क्षेत्र विचार (b) व्यापार संबन्धित विचार

(c) प्राकृतिक स्रोत (d) बाजार चालित विचार **1**

16. रूशान ने घर में हवा की गुणवत्ता मापने के लिए एक उपकरण डिज़ाइन किया जिसे एक एयर–कंडीशनर में फिट किया जा सकता है तथा वह एयर–कंडीशनर एक वायु शोधक भी बन सकता है । उसका उत्पाद अभी तक व्यावसायीकरण की पूर्व अवस्था में है । रूशान यह चाहता है कि यह उपकरण अन्य लोगों के बनाने, उपयोग करने, बेचने तथा आयात करने के लिए न हो । वह बौद्धिक संपदा अधिकार जिसे रूशान प्राप्त करना चाहता है :

(a) कॉपीराइट (b) पेटेंट

(c) औद्योगिक डिज़ाइन (d) ट्रेडमार्क **1**

17. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड में भारत सरकार द्वारा कितने पूर्णकालिक सदस्यों को नामित किया जाता है ?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 6 **1**

## खण्ड – ख

18. संजना राष्ट्रीय फैशन अध्ययन संस्थान से स्नातक हुई है तथा स्वयं का बुटीक आरम्भ करना चाहती है । वह उद्यम की साध्यता तथा व्यवहार्यता को समझना चाहती है । यह उसे विचार की प्रगति तथा इसे लागू करने में आने वाले अवरोधों के मूल्यांकन के लिए किए जाने वाले प्रावधानों को जानने में सहायक होगा । वह परियोजना की सफलता को तथा इसमें निहित जोखिम तत्त्वों को भी जानना चाहती है ।

उपरोक्त अनुच्छेद के आधार पर उस प्रलेख को पहचानिए तथा उसका अर्थ दीजिए जिसकी आवश्यकता संजना को है । **2**

19. एक अंतर्निहित ताले की सुविधा के साथ एक उद्यमी महेश, लेपटॉप थैले बनाने के एक नये व्यवसाय में प्रवेश करने की योजना बना रहा है । अत्यधिक जटिल तथा कठिन होने के कारण इसके निर्माणी प्रचालनों की योजना अच्छी तरह से तैयार की जानी चाहिए । उसने निर्णय लिया कि थैला पूर्ण रूप से उसके अपने कारखाने में बनाया जायेगा अर्थात् इसकी निर्माणी प्रक्रिया के किसी भी भाग का बाह्य स्रोतीकरण नहीं किया जायेगा ।

व्यावसायिक योजना के उस महत्त्वपूर्ण घटक की पहचान कीजिए जिसकी चर्चा ऊपर की गई है । साथ ही यह भी उल्लेख कीजिए कि उपरोक्त निर्माणी परिस्थिति में किसकी व्याख्या करने की आवश्यकता है । **2**

15. Growing flowers and selling to floral decorators is an example of the following source of idea field :

(a) Service sector ideas (b) Trading related ideas

(c) Natural resources (d) Market driven ideas **1**

16. Rushan devised an apparatus to measure the quality of air at home which can be fitted in any Air conditioner and the air conditioner can become an air purifier as well. His product is still in the pre-commercialization stage. Rushan wants to exclude others from making, using, selling and importing this apparatus. The intellectual property right which Rushan will have to obtain is :

(a) Copyright (b) Patent

(c) Industrial design (d) Trade mark **1**

17. How many whole time members are nominated by the Union Government of India to Securities and Exchange Board of India ?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 6 **1**

## SECTION – B

18. Sanjana graduated from National Institute of Fashion Studies and wants to start her own boutique. She wants to understand the feasibility and viability of the proposed venture. This will also facilitate her in assessing and making provisions for the bottlenecks in the progress and implementation of the idea. She also wants to know about the success of the project along with the risk factors involved.

Identify and give the meaning of the document which is required by Sanjana on the basis of the above para. **2**

19. Mahesh, an entrepreneur is planning to enter into a new business of manufacturing laptop bags with an inbuilt lock facility. Being highly complex and tedious, its manufacturing operations need to be well planned. He decides that the complete bag will be manufactured at his own factory i.e. no part of its manufacturing process will be outsourced.

Identify the important component of business plan that is discussed above. Also, state what needs to be described in the above stated manufacturing situation. **2**

20. ऐसे किन्हीं चार तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनसे रचनात्मक विचारों की उत्पत्ति हो सकती है। 2

**अथवा**

ऐसे किन्हीं चार स्रोतों का उल्लेख कीजिए जो आधारभूत विचारों के उद्भव की ओर अग्रसर करें। 2

21. फर्म को 'प्रवेश मूल्य निर्धारण' विधि के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

प्रतीक चिह्न (लोगो) के किन्हीं चार उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 2

22. प्लास्टिक को फेंकने से, बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार ने पॉलिथीन बैग तथा एकल उपयोग प्लास्टिक सामान पर रोक लगा दी है। हरजोत ने इसे एक सुअवसर के रूप में लिया तथा वह गन्ने की खोई से विभिन्न आकार के जैवनिम्नीकरणीय बैग बनाने की योजना बना रहा है। हरजोत द्वारा बनाये जाने वाले बैग के लिए एक प्रतीक चिह्न (लोगो) तथा प्रचार वाक्य (टेगलाइन) बनाइए। 2

23. 'रोकड़ परिवर्तन चक्र' का अर्थ दीजिए। एक व्यापारिक इकाई का रोकड़ चक्र एक निर्माणी इकाई से किस प्रकार भिन्न है ? 2

24. 'पीपरो लि.' भारत के बैंगलूरू में स्थित एक सॉफ्टवेयर कम्पनी है। यह पहले से ही राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध है। सरकार की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के अन्तर्गत पूर्वोत्तर में अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए इसे वित्तीय स्रोतों की आवश्यकता है।

ऐसी दो विधियों का उल्लेख कीजिए जिनके माध्यम से वह प्राथमिक बाज़ार के द्वारा सार्वजनिक निगम के अतिरिक्त अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है। 2

## खण्ड – ग

25. किन्हीं तीन बिन्दुओं की सहायता से समझाइए कि एक व्यवसाय के लिए उस पर्यावरण की समझ क्यों आवश्यक है जिसमें वह प्रचालन कर रहा है। 3

**अथवा**

एक वित्तीय योजना के घटकों के रूप में प्रारूप निवेश निर्णय तथा प्रारूप वित्तीय निर्णय को समझाइए। 3

26. रोहित एक ऐसी अद्वितीय फेस मॉस्क डिज़ाइन बनाने पर कार्य कर रहा है जो न केवल साँस ली गई हवा को फिल्टर करेगी अपितु यदि उपयोगकर्ता एक अत्यधिक प्रदूषण क्षेत्र में है तो पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर चेतावनी संदेश भी भेजेगी। यह विचार रोहित की दिलचस्पी तथा जिज्ञासा के कारण उत्पन्न हुआ क्योंकि रोहित हमेशा विशिष्ट वर्तमान समस्याओं का पता लगाने तथा उनको सुलझाने में दिलचस्पी रखता है। अपने विचार का शुभारंभ करने से पूर्व उसने उत्पाद के फायदे और नुकसान का भी विश्लेषण किया है। अब उसे एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया के दो अन्य चरण पूरे करने है।

प्रक्रिया की पहचान कीजिए। रोहित द्वारा पहचानी गई प्रक्रिया के पूरे किए जाने वाले चरणों को समझाइए। 3

20. State any four ways in which creative ideas can be generated. **2**

**OR**

State any four sources which lead to the emergence of basic ideas. **2**

21. State any four advantages of 'penetration pricing' method to the firm. **2**

**OR**

State any four purposes of 'Logo'. **2**

22. Government banned the use of polythene bags and single use plastic material in order to curb the increasing pollution level by dumping of plastics. Harjot took this as an opportunity and is planning to manufacture biodegradable bags of different sizes by processing the sugarcane bagasse. Create a logo and a tagline for the bags manufactured by Harjot. **2**

23. Give the meaning of 'Cash Conversion Cycle'. How is Cash Conversion Cycle of a trading concern different from a manufacturing concern ? **2**

24. 'Pipro Ltd.' is a software company based in Bengluru, India. It is already listed at National Stock Exchange. In order to expand its business in north-east, under the 'Look East Policy' of the government, it needs financial resources.

State any two methods through which she can fulfill her financial requirements through Primary Market other than Public issue. **2**

## SECTION – C

25. With the help of any three points, explain why is it important for a business to understand the environment in which it operates. **3**

**OR**

Explain proforma investment decisions and proforma financing decisions as components of a financial plan. **3**

26. Rohit is working on designing of a unique face mask which would not only filter the air inhaled but also send alert messages on the registered mobile number if the user is in a zone of high pollution. This idea is germinated because of the interest and curiosity of Rohit as he is always interested in finding out the specific current problems and their solutions. Before launching his idea he also analysed the pros and cons of the product. Now he has to complete two more steps of an important process.

Identify the process. Explain the steps to be completed by Rohit in the process identified. **3**

27. भारत में फुटवियर उद्योग पर ‘बी–रिलेक्स’ का प्रभुत्व है । ‘बी–रिलेक्स’ फुटवियर अपना 70% कच्चा माल ‘पॉलिमर लिमिटेड’ से प्राप्त करती है । ‘पॉलिमर लिमिटेड’ का प्रमुख उत्पादन प्लास्टिक चिप्स, पीयू फोम तथा इलास्टिक है जिनका उपयोग ‘बी–रिलेक्स’ फुटवियर अपनी निर्माण प्रक्रिया में करता है । यथोचित परिश्रम के पश्चात, उन्होंने एक दूसरे में विलय का निर्णय लिया । यदि उनका विलय हो जाता है तो ‘बी–रिलेक्स’ फुटवियर को किसी आपूर्तिकर्ता की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा कच्चे माल को प्राप्त करना निर्बाद्य हो जायेगा । दूसरी ओर विलय के परिणामस्वरूप, ‘पॉलिमर्स लिमिटेड’ को विक्रय एवं विपणन करने की चिन्ता नहीं होगी । उन्हें केवल ‘बी–रिलेक्स’ फुटवियर के लिए अच्छे कच्चे माल का उत्पादन करने के लिए अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करने की आवश्यकता होगी । विलय के पश्चात संयुक्त संस्था को ‘बी–रिलेक्स ईंक’ के नाम से जाना जायेगा ।

(i) ‘बी–रिलेक्स’ फुटवियर तथा ‘पॉलिमर लिमिटेड’ के मध्य हुए विलय के प्रकार की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(ii) विलय से पूर्व यथोचित परिश्रम की आवश्यकता क्यों है ?

(iii) इस विलय का सबसे प्रबल कारण क्या है ? समझाइए । **3**

28. निम्न सूचना से आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए :

(a) वार्षिक उपभोग – 120 इकाई

(b) आदेश देने तथा प्राप्त करने की लागत – ₹ 20

(c) प्रति इकाई मूल्य – ₹ 100

(d) औसत माल के प्रतिशत के रूप में भण्डारण लागत – 12% **3**

**अथवा**

उपक्रम पूँजी वित्त की किन्हीं छः विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **3**

29. निम्न परिस्थितियों से नये अंशों के निर्गमन की विधियों की पहचान कीजिए तथा समझाइए :

(i) आई सी आई सी आई को अपने नये उपक्रम के लिए अतिरिक्त पूँजी की आवश्यकता है । इसने मुख्यतः सामान्य बीमा निगम तथा जीवन बीमा निगम को अंशों का निर्गमन करके वित्त एकत्रित करने का निर्णय लिया ।

(ii) जय के पास एक कम्पनी के 100 अंश है । उसे कम्पनी द्वारा एक नए निर्गमन के अभिदान के लिए एक विशेषाधिकार प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिससे उसको उसी कम्पनी के उसके द्वारा वर्तमान में धारण किए गए अंशों के अनुपात में नए अंशों का निर्गमन किया जायेगा । जय अभिदान के लिए तैयार नहीं था । अतः उसने वीरू के हित में प्रस्ताव को त्याग दिया तथा वीरू ने अंशों को खरीद लिया ।

(iii) गोपाल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एक गैर–बैंकिंग वित्तीय कम्पनी में क्षेत्रीय चेयरमैन के रूप में कार्य कर रहा है । निष्पादन बोनस के रूप में कम्पनी ने गोपाल को 25 समता अंश दिए । **3**

27. The footwear industry in India is dominated by 'B-relax Footwear'. 'B-relax Footwear' procures 70% of its raw material from 'Polymers Ltd.' The major production of 'Polymers Ltd.' is plastic chips, PU foam and elastic which is used by 'B-relax Footwear' in its manufacturing processes. After due diligence, they decide to merge with each other. If they merge, 'B-relax Footwear' doesn't need to look for a vendor and sourcing raw materials would be seamless. On the other hand, as a result of the merger, 'Polymers Ltd.' doesn't need to worry about the sales and marketing. All they need to do is to improve their processes to produce better raw materials for 'B-relax Footwear'. After the merger the combined entity will be known as 'B-relax Inc'.

(i) Identify and explain the type of merger between 'B-relax Footwear' and 'Polymers Ltd.'

(ii) Why is due diligence required before merger ?

(iii) Which is the most dominant reason for this merger ? Explain. **3**

28. Calculate the Economic Order Quantity from the following information :

(a) Annual consumption – 120 units.

(b) Cost of placing and receiving an order – ₹ 20

(c) Price per unit – ₹ 100

(d) Storage cost as percentage of average inventory – 12% **3**

**OR**

State any six features of Venture Capital Finance. **3**

29. From the given situations, identify and explain the method of floatation of new issues :

(i) ICICI is in need of additional capital for its new venture. It decides to raise funds by selling the issues mainly to General Insurance Corporation of India and Life-Insurance Corporation of India.

(ii) Jay is holding 100 shares of a company. He has been given a privilege offer to subscribe to a new issue of the same company in proportion of his current shareholding with the company. Jay was unwilling to subscribe, so he renounced the offer in favour of Veeru who bought the shares.

(iii) Gopal is working as the Regional Chairman in a well reputed Non-Banking Finance Company which is listed in Stock Exchange. As performance bonus, the company gave 25 equity shares to Gopal. **3**

### खण्ड – घ

30. बहुत से तरीकों द्वारा एक उद्यमी प्रवृत्तियों की पहचान कर सकता है । प्रवृत्ति पहचान के चार तरीकों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए । **4**

31. किन्हीं चार बिन्दुओं की सहायता से फ्रेन्चाइज़ी को फ्रेन्चाइजिंग के लाभ समझाइए । **4**

**अथवा**

आंतरिक विस्तार तथा बाह्य विस्तार को एक उद्यम की वृद्धि तथा विकास के रूप में समझाइए । **4**

32. फ्लेवरराइट फुड्स लिमिटेड ने तीन प्रकार के नाचो (कॉर्न चिप्स), क्लासिक चीज, टोस्टेड कॉर्न तथा टेंगी टॉमेटो बनाने का व्यवसाय आरम्भ किया । आरम्भ में सभी तीन प्रकारों को 100 ग्राम प्रत्येक के मानक पैकिंग में बेचा जायेगा, उपयोग की गई सामग्री के अनुसार विक्रय मूल्य अलग-अलग होगा । स्थायी लागत ₹ 38,000 है ।

विक्रय मूल्य तथा प्रति इकाई परिवर्तनशील लागत निम्न प्रकार से हैं :

| विवरण | क्लासिक चीज़ | टोस्टेड कॉर्न | टेंगी टॉमेटो |
|---|---|---|---|
| विक्रय मूल्य ₹ | 80 | 45 | 60 |
| परिवर्तनशील लागत ₹ | 40 | 15 | 20 |
| बेचे गए पैकेट | 100 | 40 | 60 |

उपरोक्त सूचना से गणना कीजिए :

(a) प्रति इकाई भारित योगदान सीमा

(b) कुल तथा प्रत्येक उत्पाद का सम-विच्छेद बिन्दु **4**

### खण्ड – ङ

33. एक प्रचालन योजना तैयार करते समय एक उद्यमी को विभिन्न तत्त्वों को ध्यान में रखना होता है । इन तत्त्वों को समझाइए । **6**

**अथवा**

उद्यमी द्वारा उत्पाद पहचान के पश्चात् विचार तथा सुअवसर मूल्यांकन के चरणों को समझाइए । **6**

34. विलय तथा अधिग्रहण की विफलताओं के किन्हीं छः कारणों को समझाइए । **6**

---

## SECTION - D

30. There are various ways in which an entrepreneur can spot trends. Describe the four ways of identifying the trends with the help of examples. **4**

31. Explain with the help of any four points the advantages of franchising to the franchisee. **4**

**OR**

Explain Internal expansion and External expansion as part of growth and development of an Enterprise. **4**

32. 'Flavouright Foods Ltd.' started a business of making nachos (corn chips) in three variants, Classic Cheese, Toasted Corn and Tangy Tomato. To start with, all the three variants will be sold in a standard packing of 100 gms each, the selling price would differ due to the ingredients used. Fixed costs are ₹ 38,000

Sales price and variable costs per unit are as follows :

| **Particulars** | **Classic Cheese** | **Toasted Corn** | **Tangy Tomato** |
|---|---|---|---|
| Sales Price ₹ | 80 | 45 | 60 |
| Variable Cost ₹ | 40 | 15 | 20 |
| Packets sold | 100 | 40 | 60 |

From the above information calculate :

(a) Weighted contribution margin per unit.

(b) Breakeven point – total and per product. **4**

## SECTION – E

33. While preparing an operational plan, an entrepreneur has to pay attention towards various elements. Explain these elements. **6**

**OR**

Explain the steps for idea and opportunity assessment after the product identification has been done by the entrepreneur. **6**

34. Explain any six reasons for the failure of mergers and acquisitions. **6**